# पढ़ो पंजाब पढ़ाओ पंजाब, जालंधर

## कक्षा आठवीं

### स्कूल में पीने के पानी का समुचित प्रबंध करवाने के लिए प्रार्थना पत्र

सेवा में
मुख्याध्यापिका जी,
............... स्कूल,
................शहर।

विषय : पीने के पानी का समुचित प्रबंध करवाने के लिए प्रार्थना पत्र ।

श्रीमती जी,
निवेदन है कि मैं आपके स्कूल की आठवीं कक्षा की छात्रा हूं। मैं आपका ध्यान स्कूल की एक समस्या की ओर दिलाना चाहती हूं। स्कूल में पीने के पानी के लिए केवल तीन नल हैं । सुबह तथा आधी छुट्टी के समय वहां बहुत भीड़ हो जाती है । जिस वजह से छात्राओं का बहुत सारा समय पानी पीने में चला जाता है ओर वे कक्षा में देरी से पहुंचती हैं । कृपया स्कूल में पीने के पानी का समुचित प्रबंध करवा दें।

धन्यवाद सहित,
आपकी आज्ञाकारी छात्रा,
नाम ---
रोल नंबर --
कक्षा आठवीं
दिनांक:- 12 मई,2020

प्रयास:
कंचन वासन
हिंदी शिक्षिका
सरकारी कन्या हाई स्कूल
शाहकोट